उदाहरण | दान पेटियों के साथ लगभग एक वर्ष से संचालित है क्यूआर कोड आधारित डिजिटल दान प्रणाली

# श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर में दान व्यवस्था बनी पारदर्शिता का उदाहरण

**नवभारत,दमोह.** विश्वप्रसिद्ध व आस्था के प्रमुख केंद्र श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर बांदकपुर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए जाने वाले दान व चढ़ावे की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है.मंदिर परिसर में पारंपरिक दान पेटियों के साथ-साथ लगभग एक वर्ष पूर्व क्यूआर कोड आधारित डिजिटल दान व्यवस्था प्रारंभ की गई थी, जिसका लाभ देश-विदेश से आने वाले हजारों श्रद्धालु प्राप्त कर रहे हैं.मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य पंडित रामकृपाल पाठक शास्त्री ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट सदैव श्रद्धालुओं की आस्था, विश्वास व दान की पवित्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है.इसी उद्देश्य से मंदिर में पारंपरिक दान पेटी व्यवस्था को यथावत रखते हुए आधुनिक डिजिटल भुगतान प्रणाली को भी जोड़ा गया, जिससे श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार नगद अथवा ऑनलाइन माध्यम से दान अर्पित कर सकें.उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में स्थापित अधिकृत क्यूआर कोड के माध्यम से श्रद्धालु सीधे मंदिर ट्रस्ट के अधिकृत बैंक खाते में दान राशि जमा कर सकते हैं.इस प्रक्रिया से दान की राशि तत्काल बैंक खाते में दर्ज हो जाती है तथा उसका पूर्ण डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है. इससे दान व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है और श्रद्धालुओं का विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है.मंदिर ट्रस्ट के सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव जी ने कहा कि मंदिर में स्थापित दान पेटियों की गणना निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रशासनिक अधिकारियों व अधिकृत समिति सदस्यों की उपस्थिति में की जाती है. वहीं क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त दान का पूरा विवरण बैंकिंग प्रणाली में सुरक्षित रहता है.इस प्रकार पारंपरिक व आधुनिक दोनों व्यवस्थाओं का समन्वय कर मंदिर ट्रस्ट ने दान प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया है.




**इससे दान व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है**

भगवान श्री जागेश्वरनाथ महादेव के चरणों में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित प्रत्येक दानराशि मंदिर विकास, श्रद्धालु सुविधाओं के विस्तार, धार्मिक आयोजनों, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा जनहितकारी कार्यों में उपयोग की जाती है.ऐसे में दान की प्रत्येक राशि का पारदर्शी लेखा-जोखा बनाए रखना मंदिर ट्रस्ट की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है.मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मंदिर परिसर में स्थापित अधिकृत दान पेटियों अथवा ट्रस्ट द्वारा जारी अधिकृत क्यूआर कोड का ही उपयोग करें तथा किसी भी अनधिकृत माध्यम से दान न करें इससे दान की पवित्रता, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित बनी रहेगी.उन्होंने कहा कि श्रीदेव जागेश्वरनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है मंदिर ट्रस्ट आधुनिक तकनीक और सुशासन के माध्यम से श्रद्धालुओं के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ होगा.

> .उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बड़ी संख्या में श्रद्धालु डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दे रहे हैं. विशेष रूप से दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा युवाओं को क्यूआर कोड के माध्यम से दान करने में सुविधा प्राप्त हो रही है.डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बाद मंदिर प्रशासन को भी आय-व्यय के अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने में सहायता मिली है.मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता ने कहा कि जहां आज लोग क्यूआर कोड की आवश्यकता को महसूस कर रहे हैं.

# रथ यात्रा को लेकर श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर में बैठक आयोजित

▶ 16 जुलाई को निकलेंगे जगत के नाथ जगन्नाथ स्वामी - पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग

**नवभारत,दमोह।** पुरेना तालाब स्थित श्री देव जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना बहुत प्राचीन मंदिर में आज बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति के सभी सदस्य श्री प्यासी मंदिर ट्रस्ट समिति के सभी अध्यक्ष सचिव व पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।जिसमें जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक निर्णय लिए गए प्यासी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव आलोक पांडे द्वारा बताया गया की प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जगत के नाथ जगन्नाथ स्वामी भव्यता के साथ निकाले जाएंगे।16 जुलाई को रथ यात्रा का मार्ग वही तय किया गया। जो श्री जगदीश मंदिर पुराना थाने से शाम 5:00 बजे भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी रथ पर आरुण होकर शहर के मुख्य मार्ग जैसे श्री जगदीश मंदिर पुराना



थाना,टॉकीज चौराहा बकोली चौराहा,घंटाघर उमा मिस्त्री की तलैया,महाकाली चौराहा, सिटी नल से होकर पुन:पुराना थाना स्थित अपनी मौसी के यहां जगन्नाथ स्वामी रुकेंगे.पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग ने बताया कि 15 दिन पूर्व भगबान बीमार हो जाते है. दरअसल प्राचीन परंपरा के अनुसार हर वर्ष 2 जुलाई से भगवान को 15 दिनों तक आराम करना होगा. साथ ही हल्का भोजन दिया जाएगा।जिसमें मंगू की दाल, दलिया, खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा.इसके साथ ही दवा के रूप में जड़ी-बूटी और काढ़ा बनाकर दिया जाएगा.इस दौरान अब भगवान किसी भी भक्त को दर्शन नहीं देंगे.रथदोज के दिन 16 जुलाई को जगत्राथ स्वामी की रथयात्रा के दिन ही भगवान बाहर आएंगे और शहर भ्रमण कर अपने भक्तों को दर्शन करेंगे.इसके बाद कुछ दिनों तक भक्तों के घर ही निवास करेंगे.

### क्या है परंपरा

जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग ने बताया कि भक्तमाल कथा के अनुसार भगवान के परम भक्त माधवदास को भगवान जगनाथ से मिलने की व्याकुलता हुई.जब उन्हें पता चला कि भगवान जगन्नाथ पुरी में हैं तो वह पैदल ही चल देते हैं. कई दिनों तक चलने के बाद वह भगवान के दर पर पहुंचते हैं और उनकी भक्ति में लीन हो जाते हैं.अपने भक्त को थका हारा व भूखा प्यासा देखकर भगवान जगन्नाथ अपने लिए लगाए गए भोग की थाली खिसका देते हैं.तब माधवदास भोग की थाली को एक जगह बैठकर भोजन करते हैं.इसी बीच मंदिर के पुजारी आकर माधवदास की खूब पिटाई करते है.

# निर्धारित दरों पर खाद उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

### कुम्हारी क्षेत्र की खाद दुकानों का नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**कुम्हारी नवभारत 27 जून।** किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे लेकर नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल एवं कृषि ग्रामीण सेवक बलबंत अजमानी ने क्षेत्र की खाद दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कुम्हारी और पटेरिया में संचालित खाद विक्रय केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों को निर्धारित दरों पर खाद उपलब्ध कराने, पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने तथा शासन के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।



**किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

अधिकारियों ने कहा कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी भी दुकान पर शिकायत या गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई।

### आज करेंगे दमोह विधायक जयंत मलैया नमो वन एक्यूप्रेशर पार्क का लोकार्पण

**नवभारत,दमोह.** शहर में स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नमो वन एक्यूप्रेशर पार्क का लोकार्पण पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में आज 28 जून 2026 दिन रविवार को सायं 6 बजे आयुष अस्पताल के बाजू में स्थित सिविल वार्ड क्रमांक 5, किल्लाई रोड, दमोह में किया जायेगा।समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू-वीरेंद्र राय करेंगी।विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला ध्यक्ष श्याम शिवहरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा-विक्रम सिंह ठाकुर तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी शामिल रहेंगे।



# एसडीओपी ने बताए साइबर अपराध से बचाव के उपाय

### महिला एवं बाल विकास विभाग का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, पथरिया 27 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एसडीओपी प्रिया सिंघी ने महिलाओं,किशोरियों एवं बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी, फर्जी कॉल,ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग,साइबर बुलिंग तथा ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। एसडीओपी ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम नंबर, ओटीपी, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें। सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।




### तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें

उन्होंने बताया यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की और दैनिक जीवन में सावधानी बरतने का संकल्प लिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की इसमें हैं महत्वपूर्ण भूमिका

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग समाज की एक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि दैनिक जीवन में समाज में आप लोगों का बड़ा महत्व है। महिलाएं एवं बच्चे अधिकतर आप लोगों के ही संपर्क में रहते हैं, इसलिए आप लोग निश्चित ही साइबर क्राइम के बारे में महिलाओं को समझा सकते हैं।



# जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मोहर्रम, पुरैना तालाब में ठंडे हुए दो-तीन दर्जन से अधिक ताजिए

**नवभारत,दमोह।** जिलेभर में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ. शहर के पुरैना तालाब में दो-तीन दर्जन से अधिक ताजिए शांतिपूर्ण ढंग से ठंडे किए गए, जिसके बाद सभी लोग अपने घरों को रवाना हुए। इस दौरान एसडीईआरएफ टीम विशेष रूप से तैनात रही। पुरैना तालाब का पानी गंदा होने के कारण कुछ ताजिए नरसिंहगढ़ नदी में ठंडे होने के लिए रवाना होकर ठंडे हुए। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) के निर्देशन में जिलेभर में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। इस दौरान एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएसपी एचआर पांडे, तहसीलदार रॉबिन जैन, रघुनंदन चतुर्वेदी, पारूल चौधरी मौजूद रहे। पुलिस व्यवस्था में टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई देहात अमित गौतम, टीआई महेंद्र सिंह जगेत, जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, प्लाटून कमांडर प्राची दुबे, सब इंस्पेक्टर नीतेश जैन, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को के अलावा राजस्व निरीक्षक, नरसिंहगढ़ रोहित द्विवेदी, पटवारीगण और विद्युत विभाग से श्री राय व उनकी टीम सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा.

### आज होगा प्रदेश के कर्मचारी नेताओं का आगमन

**नवभारत,दमोह।** म.प्र.अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा जिला संरक्षक राकेश सिंह हजारी पूर्व प्रांत अध्यक्ष व प्रान्तीय संरक्षक लिपिक संघ की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 जून 2026 को होने पर उनका सम्मान समारोह कार्यक्रम 28 जून को दोपहर 2 बजे से डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एम.पी. द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, विजय रैकवार प्रदेश उपाध्यक्ष, सुभाष शर्मा, म.प्र.राज्य कर्म.संघ प्रदेश उपाध्यक्ष,विजय मिश्रा प्रांताध्यक्ष म.प्र.तृतीय वर्ग शास.कर्म.संघ सतीश शर्मा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, विजय रैकवार प्रदेश उपाध्यक्ष, शारदा सिंह परिहार प्रांताध्यक्ष म.प्र.स्थायी कर्मी कल्याण संघ, संभागीय अध्यक्ष डी.के.मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा,जिले के समस्त कर्मचारियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व समस्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा की गई।

# रिश्वतखोरी में सहायक अभियन्ता राजेश सहाय निलंबित



**नवभारत, दमोह।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दमोह वृत के उत्तर संभाग के हटा उपसंभाग में पदस्थ सहायक अभियंता (संचालन/संधारण) राजेश कुमार सहाय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. श्री सहाय को 25 जून 2026 को लोकायुक्त, सागर की टीम द्वारा रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था.अधीक्षण अभियंता (संचालन/संधारण), वृत्त दमोह से प्राप्त प्रतिवेदन व उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कंपनी प्रबंधन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया है. निलंबन अवधि में श्री सहाय का मुख्यालय मुख्य अभियंता (शहडोल) कार्यालय नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा.मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार, अनियमितता एवं कदाचार के मामलों में किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी के प्रति कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। कंपनी की प्राथमिकता पारदर्शी, जवाबदेह व भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करना है। इसी उद्देश्य से भ्रष्टाचार के प्रत्येक मामले में नियमानुसार त्वरित व कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है.



### मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने की विशेष जनसुनवाई

**जबेरा।** विधायक व मध्यप्रदेश शासन के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शनिवार को नोहटा स्थित अपने कार्यालय में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया. जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रवासियों की छोटी-बड़ी समस्याएं सुनी गईं और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया.मंत्री लोधी ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 56 लिखित आवेदन प्राप्त हुए,जबकि कुछ लोगों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं रखीं.इनमें से कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया .

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया जन्मदिन बच्चों को बांटे उपहार

**भाजपा नगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे की बेटी विधि ने बच्चों संग की मस्ती**

**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह के नगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे ने अपनी छोटी बेटी विधि दुबे का जन्मदिन सिविल वार्ड नंबर 4 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 8 में मनाया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निशा राय एवं सहायिका विमल सेन की उपस्थिति में केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को उपहार दिए गए और मुंह मीठा कराया गया। बच्चों ने विधि को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और एक साथ बैठकर खूब मस्ती की। विधि की बड़ी बहन वेदिका दुबे पिछले कई वर्षों से अपना



जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र, वृद्ध आश्रम, मूक बधिर विद्यालय में मनाती आ रही है और पौधारोपण भी करती है। उसी से प्रेरणा लेकर विधि ने भी अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र में मनाने का निर्णय लिया। सभी के प्यार एवं स्नेह के लिए विधि की मां अमृता दुबे ने आभार व्यक्त किया।

## एक नजर में



### दीपक सिंह राजपूत ने 58वीं बार किया रक्तदान

**नवभारत,दमोह।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े एवं जिला क्षय केंद्र, दमोह में पदस्थ जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत योगी दमोह ने शनिवार को 58वीं बार रक्तदान कर एक जरूरतमंद की जान बचाई। श्री राजपूत स्वास्थ्य विभाग के ऑफिस में कार्य कर रहे थे, तभी सुरेश साहू का कॉल आया कि बी पॉजिटिव ब्लड की बहुत इमरजेंसी है।डेढ़ माह पहले ही रक्तदान करने के बावजूद श्री राजपूत ने तुरंत सहमति दी और 10 मिनट के अंदर ब्लड बैंक पहुंचकर बी पॉजिटिव रक्तदान किया। रक्तदान के समय ब्लड बैंक के सक्रिय अधिकारी योगेश जाट, सुरेश साहू, पथरिया के भानु प्रताप सिंह व सुरेंद्र दुबे सहित ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रही।



### मंत्री लोधी ने किया अरहर और तिल बीज मिनिकिट का वितरण

**नवभारत,दमोह.** जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत रानी अवंती बाई लोधी प्रांगड़ नोहटा में मप्र शासन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कृषि विभाग की योजना अंतर्गत लघु कृषकों को बीज का वितरण किया।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं इस वर्ष बरसा अल्प बता रहे हैं। इसीलिए किसान बंधु अधिक अवधि कि फसलों को ना लगायें बल्कि दलहनी फसलों में उर्द मूंग अरहर ज्वार मक्का बाजरा उड़द लगा सकते हैं जो कम अवधि की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश सेन सांसद प्रतिनिधि,मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, संग्राम सिंह, सत्येंद्र सिंह लोधी, उमराव सिंह,सचिव लाल सिंह यादव,तेंदूखेड़ा एसडीएम, कृषि विस्तार अधिकारी दर्शिका दुबे,रितेश सिंह,अमित परमार, दिनेश पटेल, दीपक पटेल, सत्येंद्र सिंह समस्त समिति प्रबंधक जबेरा व किसान बंधुओं की उपस्थित रही।

# बांसनी में जंगली सूअर के शिकार का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह।** वन परिक्षेत्र दमोह अंतर्गत ग्राम बांसनी में अवैध रूप से वन्यजीव जंगली सूअर के शिकार व मांस रखने के मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे और उपवनमंडल अधिकारी एमडी मानिकपुरी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी के नेतृत्व में टीम ने 26 जून 2026 को ग्राम बांसनी स्थित आरोपियों के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक कमरे से



बर्तन व डिब्बों में रखा हुआ पका, उबला व भुना हुआ मांस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने जंगली सूअर के शिकार और मांस रखने की बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर दोबारा तलाशी में खून लगा कुल्हाड़ी का बेंट, खून लगा हरिया (हथियार), जंगली सूअर के बाल तथा मांस के टुकड़े भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री का वैज्ञानिक परीक्षण के लिए नमूना सुरक्षित किया जा रहा है।इस प्रकरण में आरोपी पच्चू गोंड व गोकुल गोंड, निवासी ग्राम बांसनी, थाना दमोह देहात के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 2(6), 2(20), 9, 39, 50 व 51 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 704/19 पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया .



### राकेश कृषि केंद्र रजपुरा हटा का उर्वरक गोदाम सील

**नवभारत,हटा/दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार विकासखंड हटा मे राकेश कृषि केंद्र रजपुरा हटा का उर्वरक की कलाबाजारी रोकने हेतु विकासखंड स्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया। इस सबंध में उप संचालक कृषि जे एल प्रजापति ने बताया विक्रेता की गोदाम मे 600 बोरी एनपीके बिना किसी चालान या बिल के पाया गया,जो उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अनुसार बैधानिक कार्यवाही कर गोदाम को शील कर दिया गया हैं।

# तेंदूखेड़ा पुलिस ने चलाया सेफ क्लिक 2 .0 अभियान

▶ झलोन बस स्टैंड और चौराहे पर ग्रामीणों को दी साइबर ठगी से बचने की जानकारी

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित श्सेफ क्लिक 2.0श् साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को तेंदूखेड़ा पुलिस ने ग्राम झलोन बस स्टैंड व झलोन चौराहे पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों और



आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी, प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी व पुलिस दल ने ग्रामीणों और राहगीरों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने समझाया कि ऑनलाइन लेनदेन के दौरान किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड विवरण, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और मोबाइल पर आने वाले फर्जी कॉल, संदेश व सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे साइबर फ्रॉड से सतर्क रहें।

हादसा | युवक की मौत, आधा दर्जन से अधिक झुलसे

# माला मानगढ़ में झोपड़ी पर गिरी आकाशीय बिजली

**नवभारत,दमोह/नोहटा। जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत माला मानगढ़ गांव में शनिवार शाम करीब 5 बजे एक झोपड़ी पर आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए.घायलों को 108 एंबुलेंस के पायलट दौलत और ईएमटी रामजी की मदद से जिला अस्पताल लाया गया,**

जहां डॉक्टर ने 28 वर्षीय रतन पिता रामप्रसाद आदिवासी को मृत घोषित कर दिया.आधा दर्जन से अधिक घायलों का इलाज जारी है.घटना की जानकारी देते हुए देवसिंह व कोदू सिंह ने बताया कि सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।



शनिवार शाम सभी लोग झोपड़ी के अंदर थे, तभी आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरी। धमक से घर के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और डायल 112 कर्मी आरक्षक घनश्याम की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया.ड्यूटीरत डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी ने सभी घायलों का इलाज किया.घायलों में मदन पिता हरिसिंह 18 वर्ष, मालती पिता हरिसिंह 14 वर्ष,उमा पिता कोदू 5 वर्ष, रचना पति दशरथ 24 वर्ष, जानकी पिता रतन 6 वर्ष, वेद रानी पति देव सिंह 60 वर्ष, मायारानी व राधारानी का इलाज जारी है. नोहटा पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची है और मामले में जांच शुरू की गई है.

### गैसाबाद थाने में चला ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत,गैसाबाद/दमोह।** ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के तहत थाना गैसाबाद में साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन ठगी की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, अनजान लिंक पर क्लिक करने जैसे मामलों में सतर्क रहने की अपील की। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि थोड़ी सी सावधानी से बड़ी ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर सूचना दें।